दिनांक: 02.08.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री किसान किस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि – पीएम–किसान योजना की 20वीं किस्त जारी की। इस मौके पर नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों को 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के अंतर्गत देश के किसानों को अब तक कुल तीन लाख 90 हजार करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को प्रदेश में "पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। गुना, शिवपुरी समेत प्रदेश के जिलों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुनाया गया।

सीहोर भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1 हजार 406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित किये। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा साथ ही 1 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां वे अभ्युदय विश्वविद्यालय परिसर में श्रीराम दरबार मंदिर का लोकार्पण करेंगे और विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद करेंगे।

नड्डा अंगदान दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज कहा कि पिछले वर्ष देश ने लगभग 18 हजार नौ सौ प्रत्यारोपण करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली में 15वें अंगदान दिवस को संबोधित करते हुए, श्री नडडा ने कहा कि 2023 में तीन लाख से अधिक नागरिकों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के माध्यम से अंगदान करने का संकल्प लिया था। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि अंग प्रत्यारोपण में भारत विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अंगदान मानवता के सबसे महान कार्यों में से एक है।

अमृत उद्यान

राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित अमृत उद्यान इस महीने 16 अगस्त से 14 सितम्बर तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि उद्यान सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा, जिसमें अंतिम प्रवेश शाम सवा पांच बजे तक होगा। उद्यान रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहेगा। आगंतुक ऑनलाइन माध्यम से विजिट डॉट राष्ट्रपति भवन डॉट जीओवी डॉट इन पर अपनी बुकिंग करा सकते हैं।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिन की राहत के बाद एक बार फिर मौसम सक्रिय हो गया है। कल प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन आज ज्यादातर हिस्सों में मौसम खुला हुआ है। दिनभर घने बादल बने रहेंगे और शाम तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में कुछ जिलों में तेज बारिश की संभावना के साथ अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में आर्द्रता बढ़ेगी। राजधानी भोपाल समेत इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। टीकमगढ़, गुना और निवाड़ी सहित कई जिलों में तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।

समाचार संक्षेप में .....

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित कायाकल्प कार्यक्रम में जबलपुर जिले के स्वास्थ्य संस्थानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं।
- नर्मदापुरम में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सहभागिता से एक अहम संगोष्ठी और फीडबैक सत्र आयोजित किया गया।
- आगरमालवा में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के इतिहास, धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावना से छात्रो को अवगत कराने के उद्देश्य से कल पर्यटन क्विज का आयोजन किया गया।
- रीवा कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में गर्भवती माताओं के अच्छे स्वास्थ्य एवं एनीमिया उन्मूलन की सलाह देने के निर्देश दिये हैं।